वीरांगना रमोतीन माड़िया

शा.आ.महिला महाविद्यालय नारायणपुर (छ.ग.)

दिनांक - 23/01/2026

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

आज दिनांक 23/01/2026 को वीरांगना रमोतीन माड़ीया शासकीय आदर्श महिला महाविद्यालय नारायणपुर एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय छोटे डोंगर के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्राओं में मतदान के प्रति जागरूकता विकसित करने तथा उन्हें जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने अधिकार एवं कर्तव्य से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का मंच संचालन श्री डंकेश्वर बर्मन, हिंदी व्याख्याता द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में अग्रणी महाविद्यालय शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय से पधारे।

श्री अरुण कुमार शुक्ला सर एवं श्री सतीश पांडे जी (जूलॉजी विभाग) की गरिमामयी उपस्थिति रही। सर्वप्रथम श्री अरुण कुमार शुक्ला सर ने उद्बोधन देते हुए छात्राओं को जागरूक मतदाता बनने, मतदान को अधिकार के साथ कर्तव्य समझने तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवाओं की भूमिका पर बल दिया। इसके पश्चात श्री सतीश पांडे जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए मतदाता जागरूकता अभियान को सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ते हुए छात्राओं को सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया।

तत्पश्चात महाविद्यालय के आदरणीय प्राचार्य श्री बी. डी. चांडक ने प्रेरक उद्बोधन दिया। उन्होंने अपने प्रशासनिक अनुभव एवं NSS से जुड़े कार्यों के संदर्भ में छात्राओं को जागरूक, निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान के लिए प्रेरित किया तथा लोकतंत्र की सुदृढ़ता में युवाओं की भागीदारी को आवश्यक बताया।

उद्बोधन के उपरांत सभी छात्राओं को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई, जिसमें उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने एवं प्रत्येक चुनाव में मतदान करने का संकल्प लिया। इसके पश्चात कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

अंत में सुश्री निहारिका सोरी(सहायक प्राध्यापक)द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती क्षमा ठाकुर मैडम (ग्रंथपाल),श्री करसो पोयाम,सुश्री डूलेश्वरी कंडरा,श्री हेमेंद्र कुमार साहू,श्री विपिन नरेटी,सुश्री दीपिका कोर्राम, श्रीमती सरिता शुक्ला,सहित समस्त कर्मचारीगण एवं छात्राओं की सक्रिय उपस्थिति रही।

27/01/2026

प्राचार्य

वीरांगना रमोतीन माड़िया शासकीय

आदर्श महिला महाविद्यालय

नारायणपुर(छ ग)

हस्ताक्षर स्वीप प्रभारी

Domkeshwar

Hemendra